मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 181 | गुरुवार 9 अक्टूबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. | Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**हिजाब पहनने पर दीपिका हुईं ट्रोल**

# आरक्षण लॉटरी से दिग्गज धराशायी

## अंबरनाथ नगर परिषद प्रभाग सदस्यों के आरक्षण लॉटरी निकाली गई



- नगराध्यक्ष पद के लिए महिलाओं का ही होगा बोलबाला
- वार्ड आरक्षित होने से दिग्गजों में मायूसी
- अगला चुनाव महिलाराज को समर्पित होगा
- पुरुष प्रत्याशियों में मासूसी

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के 29 प्रभाग में कुल 59 सदस्य होंगे. बुधवार 8 अक्टूबर को अंबरनाथ नपा कार्यालय में पीठासीन अधिकारी उप विभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा एवं मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ की निगरानी में अनुसूचित जाति, अनूसुचित जमाति, ओबीसी महिला के लिए लॉटरी निकाली गई. लगभग हर प्रभाग के ए वार्ड को महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया है. ओबीसी के 16 सदस्यों में 8 जगह महिलाओं, अनुसूचित जाति के लिए 8 में से 4 महिला और अनुसूचित जमाति के लिए 2 में से एक जगह महिलाओं के लिए आरक्षित के लिए लाटरी निकाली गई.



नपा में कुल 30 महिला सदस्य होंगी और एक नगराध्यक्ष महिला कुल मिलाकर 31 महिलाएं होंगी, जो नपा पर राज करेंगी. कुल 29 पुरुष सदस्य होंगे. प्रभाग क्र. 1 से 29 तक ब वार्ड को पुरुषों के लिए रखा गया है. इस आरक्षण के बाद शहर के कई दिग्गज उम्मीदवारों पूर्व नगरसेवकों के प्रभाग महिला अथवा आरक्षित होने से उनमें मायूसी छा गई है.

गत 6 वर्षों से भाजपा, शिवसेना, कांग्रेस, राकांपा, मनसे, आरपीआई एवं निर्दलीय के इच्छुक उम्मीदवार आस लगाए बैठे थे. उनमें से कुछ की तमन्ना पूरी होने जा रही है, तो ज्यादातर के वार्ड आरक्षित होने से उनमें मायूसी छा गई है. वह अब अपने घर की महिलाओं को चुनाव में उतारने की तैयारी कर रहे हैं. वार्ड क्र. 1 जावसाई, वार्ड क्र. 5 बुवापाड़ा जो कि उत्तर भारतीय बहुल इलाका माना जाता है, यहां के पुरुष नेताओं को इस चुनाव में नुकसान उठाना पड़ रहा है. वार्ड क्र. 12 जूना भेंडी पाड़ा में भी पुरुष सदस्यों को वार्ड क्र. 14, 15,16, 18, 22 व अन्य प्रभाग के दिग्गज नेताओं को और 5 वर्ष प्रतीक्षा करना पड़ेगा. विदित हो कि 2021 की जनगणना के अनुसार लोकसंख्या 2 लाख 53 हजार 453 नगरपरिषद ने बताया है. 9 अक्टूबर को नपा कार्यालय में आरक्षण की लिस्ट लाई जाएगी.

| प्रभाग | आरक्षण |
|---|---|
| 1. जावसई गांव-फुलेनगर वस्ती पनवेलकर कॅम्पस | A-sc-open / Bopen mahila |
| 2. कॉहोजगांव कमलाकर नगर काथोडपाडा परिसर. | A-obc W/B-open |
| 3. चिंचपाडा- नारायण नगर-नवरे पार्क परिसर | A-scopen / B-open mahila |
| 4. खामकरवाडी- शिवलिंगनगर परिसर | A-Obc W/B-mahila /C-open |
| 5. बुवापाडा - सर्वोदय नगर | A-obc / B. open mahila |
| 6. भास्कर नगर- खुटवली वरचा पाड़ा | A-sc-W / Bopen |
| 7. खुटवली गावठाण-मेटल नगर-खुंटवली वरचा पाडा क्षेत्र | A-sc-w/ Bopen |
| 8. बालाजी नगर-खुंटवली पाडा परिसर | A-sc-W/Bopen |
| 9. महाराष्ट्र हौसिंग बोर्ड - न्यू कॉलनी पनवेलकर गार्डन क्षेत्र. | A-obc W/ Bopen |
| 10. वांद्रे पाडा- शास्त्रीनगर परिसर | A-obc W/Bopen |
| 11. कैलास नगर-सिध्दार्थ नगर-ऑर्डनन्स फॅक्टरी उत्तर क्षेत्र. | A-sc W. / Bopen |
| 12. जुना भेंडीपाडा- वडोळगाव-ऑर्डनन्स इस्टेट | A-obc / Bopen mahila |
| 13. स्वामीनगर- शिवनगर स्टेशन परिसर पश्चिम क्षेत्र. | A-obc W/B open |
| 14. नवीन भेंडीपाडा-घाडगेनगर परिसर | A-sc. Bopen mahila |
| 15. मोरीवली गाव-न्युकॉलनी नेताजी माकेट परिसर | A-obc/Bopen mahila |
| 16. नवरे नगर- निसर्ग ग्रीन परिसर | A-obc/Bopen mahila |
| 17. आंबेडकर नगर-राधे गोविंद नगर परिसर. | A-obc.W/B open |
| 18. वडवली डी.डी. स्कीम नं. 15- दत्त कुटीर झोपडपट्टी | A-sc open / Bopen mahila |
| 19. स्टेशन परिसर-साई सेक्शन-खेर सेक्शन. | A-open mahila / B-open |
| 20. साई सेक्शन मोहन पूरम परिसर. | A-obc / Bopen mahila |
| 21. कानसई गांव- कानसई सेक्शन. | A-obc / Bopen mahila |
| 22. शिवगंगा नगर- बारकुचा पाडा परिसर | A-obc / Bopen mahila |
| 23. शिवाजी नगर-मारुती मंदिर- गोडबोले बाग परिसर. | A obc. W. /Bopen |
| 24. वडवली सेक्शन- कृष्णनगर पश्चिम क्षेत्र. | A-mahila/ Bopen |
| 25. कैलास नगर-शिवाजी परिसर. | A-obc/Bopen mahila |
| 26. महालक्ष्मी नगर-संतोषीमाता नगर. | A-obc W. /Bopen |
| 27. रॉयल पार्क-लोकनगरी परिसर. | A-mahila /B-open |
| 28. पालेगांव- प्रकाशनगर-फासेपारधी वसाहत परिसर. | A-st W. /B-open |
| 29. पालेगांव क्षेत्र जांभिवली- चिखलोली- मोरीवली पाडा | A-stopen. /B-open |

# सहायक आयुक्त अलवा पवार को निलंबित कर गुन्हा दाखिल करें






- राकांपा के जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) ने की मांग
- नियमों का खुलकर किया गया उल्लंघन

**उल्हासनगर.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) ने उल्हासनगर महानगर पालिका में सहायक आयुक्त अलका पवार की नियुक्ति में अनियमितताएं होने का आरोप लगाते हुए मनपा आयुक्त से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.


उल्हासनगर महानगर पालिका में वर्ष 2003 में पिछड़े वर्ग के बैकलॉग पदों को भरने के लिए एक विशेष भर्ती अभियान चलाया गया था। इसमें अलका पवार की नियुक्ति हुई थी।

उक्त भर्ती के विरुद्ध सरकार को शिकायतें मिलने के बाद एक जाँच समिति नियुक्त की गई थी। उस समिति की रिपोर्ट में कई नियुक्तियों पर आपत्तियाँ दर्ज की गई हैं। उनमें से एक अलका पवार की नियुक्ति है। अलका पवार को कंप्यूटर ऑपरेटर और वरिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्त किया गया था। कंप्यूटर ऑपरेटर के पद के लिए विज्ञान शिक्षा आवश्यक थी। यह न होने के बावजूद अलका पवार का चयन हुआ। गंभीर बात यह है कि अलका पवार ने अनुभव के लिए कल्याण के एक स्कूल में कार्यरत होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया था। पता चला है कि वह प्रमाण पत्र फर्जी है।

संबंधित स्कूल ने ऐसा कोई प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार किया है। इस संबंध में आपराधिक मामला दर्ज होना ज़रूरी है, लेकिन अलका पवार की नियुक्ति तो बरकरार रही, लेकिन उन्हें पदोन्नति भी दे दी गई। इस गंभीर मामले को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) ने जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

# उल्हासनगर में 12 लाख का प्रतिबंधित गुटखा जब्त





- उल्हासनगर क्राइम ब्रांच पुलिस की कार्रवाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक बंद गोदाम पर छापा मारकर वहां से 11.85 लाख रुपये का प्रतिबंधित गुटखा और पान मसाला जब्त किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीरंग गोसावी और उनकी टीम के पुलिस कांस्टेबल योगेश वाघ को सूचना मिली कि उल्हासनगर शहर के कैंप नंबर 5 इलाके में स्वामी शांति प्रकाश आश्रम के पास दुर्गा माता मंदिर के पीछे एक बंद गोदाम में गुटखा और पान मसाला का बड़ा स्टॉक रखा हुआ है। पुलिस को जैसे ही पता चला कि बंद गोदाम क्रमांक दो में गुटखा का बड़ा स्टॉक बिक्री के लिए रखा गया है, उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक योगेश आव्हाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक श्रीरंग गोसावी, पुलिस अंमलदार योगेश वाघ, गणेश गावड़े, रितेश वंजारी, सुरेश जाधव, चंद्रकांत सावंत, शेखर भावेकर, अशोक थोरवे ने छापा मारा। पुलिस ने उस जगह से धीरज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और उसके पास से 11 लाख 85 हजार रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और पान मसाला का स्टॉक जब्त किया। धीरज के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# नेताजी चौक पर अधूरा नया रोड बना धोखादायक





- मनपा प्रशासन चुप क्यों?

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-5 नेताजी चौक स्थित न्यू इंग्लिश स्कूल के पास बनाए गए नए सीमेंट रोड को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे वाहन चालकों को तो परेशानी हो रही है लेकिन परिसर में निवासी क्षेत्रों को भी भारी परेशानी हो रही है। यह रोड अधूरा छोड़े जाने से धोकादायक बना हुआ है। रोड के साथ फुटपाथ का कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है।यहां पर किनारे में कटे हुए पुराने पेड़ की शाखाओं को भी भारी नुकसान हुआ है जिससे परिसर के घर भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। रोड अधूरा छोड़े जाने से यहां बड़ी दुर्घटना होने के संकेत हैं। ऐसे में मनपा आयुक्त मनिषा आव्हाले जहां शहर की खस्ता हालत सड़कों को नहीं बना रहे हैं तो दूसरी तरफ बनाए हुए रास्तों को अधूरा छोड़कर दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। परिसर के निवासी व्यास महाराज ने मनपा आयुक्त से अपील है कि उनकी समस्या का तुरंत निवारण करें ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

# उल्हासनगर में सड़कों के गड्ढों की मरम्मत शुरू

- रात में मनपाकर्मी कर रहे काम
- भाजपा जिला अध्यक्ष भी मैदान में



**उल्हासनगर.** मानसून के दौरान उल्हासनगर को गड्ढों वाले शहर के रूप में जाना जाता है। इस कलंक को मिटाने और मानसून के बाद सड़कों को सुचारू बनाने के लिए, मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने एक सप्ताह पहले मुख्य सड़कों और चौराहों सहित 10 स्थानों का निरीक्षण करने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तुरंत गड्ढे भरने के आदेश दिए थे। तदनुसार, जैसे ही बारिश कम हुई, अधिकारियों ने मंगलवार 7 तारीख को रात्रि पाली में काम करके गड्ढों को मैस्टिक डामर से भरने का युद्धस्तर पर काम शुरू कर दिया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए रात में मैदान में उतरे हैं। इस बीच, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख, महापौर संजय घुगे ने बार-बार कहा है कि आंदोलन की दी गई चेतावनी के कारण गड्ढे भरने का काम शुरू हुआ, जिससे शहर में बदनामी हुई है।

आयुक्त मनीषा अव्हाले ने धोबी घाट रोड, कल्याण मुरबाड रोड, खेमानी भाजी मार्केट चौक, खेमानी चौक और नानिक जीरा चौक, मध्यवर्ती पुलिस स्टेशन से मयूर होटल रोड, फॉल लाइन चौक (कल्याण बदलापुर रोड), छत्रपति शाहू महाराज फ्लाईओवर, लालचक्की से उल्हासनगर रेलवे स्टेशन रोड, वीनस चौक और नेताजी चौक सहित 10 स्थानों का निरीक्षण किया। उस समय सार्वजनिक निर्माण विभाग के शहर एवं कार्यकारी अभियंता इंजीनियर नीलेश शिरसाठे, उपअभियंता संदीप जाधव, जनसंपर्क अधिकारी अजय साबले, कनिष्ठ अभियंता हर्षद प्रधान, सुयश बांगर, अश्विनी गर्जे, सुशांत पेवेकर, सुमेथ चौघुले, मुकादम कपिल गुरसहानी आदि उपस्थित थे.

आयुक्त मनीषा आव्हाले ने आदेश दिया था कि निर्धारित वार्ड की सभी सड़कों को डामर और क्रोक्रीट की श्रेणी में रखा जाए और खराब स्थिति वाली सड़कों की सूची प्रस्तुत कर मरम्मत हेतु आवश्यक योजनाएँ और कार्रवाई तुरंत की जाए। इस आदेश का सही मायने में क्रियान्वयन शुरू हो गया है। मैस्टिक डामर को दो सौ डिग्री तापमान पर उबालने के बाद गड्ढों में डाला जाता है। इससे गड्ढे दो घंटे में ही मजबूत हो जाते हैं। इसलिए, आयुक्त मनीषा अव्हाले के आदेशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त धीरज चव्हाण के मार्गदर्शन में, गड्ढों को मैस्टिक से भरने के लिए प्रतिदिन रात्रि पाली में काम किया जाएगा, ऐसा अधिकारियों ने बताया।

# दिनदहाड़े कोयते से हमला करने वाला गिरफ्तार






- पूर्व नगरसेवक तुलसी वसीटा पर किया जानलेवा हमला

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 4 स्थित श्रीराम चौक इलाके में एक चौंकाने वाली घटना घटी जब पूर्व कांग्रेसी पार्षद तुलसी वसीटा पर कोयते से जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई। इस सनसनीखेज हमले की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की अपराध जाँच टीम ने आरोपी अजय बागुल को गिरफ्तार कर लिया है। वसीटा कॉलोनी के गेट के सामने कुछ युवक खड़े थे। तुलसी वसीटा ने उन्हें जाने के लिए कहा तो दोनों में बहस हो गई। इसी बीच पुरानी रंजिश के चलते आरोपी अजय बागुल मौके पर आया और वसीटा को गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने लोहे का कोयता निकालकर उस पर हमला करने की कोशिश की, वसीटा ने तुरंत अपना बचाव किया और उनकी जान बाल-बाल बच गई। इस घटना के बाद विट्ठलवाड़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय बागुल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार हो गया था। पुलिस कांस्टेबल सुजीत निचिते को मिली सूचना के आधार पर पता चला कि आरोपी उल्हासनगर कैंप 4 में सूर्या लॉज के पीछे, बिस्कुट कंपनी के पास मौजूद है। टीम ने तुरंत जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

# उल्हासनगर के रिहायशी इलाके में पटाखों के गोदाम

- 3 लाख रुपये के पटाखे जब्त



**उल्हासनगर.** बिना लाइसेंस और बिना किसी सुरक्षा के रिहायशी इलाके में पटाखों का भंडारण करने का मामले में उल्हासनगर पुलिस ने पटाखा गोदाम पर कार्रवाई करते हुए 3 लाख 31 हजार रुपये के पटाखे जब्त किए और उमेश वढारिया के खिलाफ मामला दर्ज किया।

एक सामाजिक कार्यकर्ता ने उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत की कि उल्हासनगर कैंप क्रमांक-2, मोनिका हॉल, लैंडमार्क के पास एक रिहायशी इलाके में बिना परमिट और बिना किसी सुरक्षा के एक गोदाम में पटाखों का भंडारण किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस पटाखा गोदाम से रिहायशी इलाके के नागरिकों की जान को खतरा पैदा हो गया है।

उल्हासनगर पुलिस ने सोमवार दोपहर करीब 2 बजे लैंडमार्क मोनिका हॉल के पास पटाखा गोदाम पर छापा मारा और 1 लाख 31 हजार एक सौ रुपये के पटाखे जब्त किए। इस मामले में पुलिस ने उमेश वढारिया नामक पटाखा व्यापारी के खिलाफ बिना लाइसेंस और बिना किसी सुरक्षा के पटाखे रखने का मामला दर्ज किया है।

उल्हासनगर के नेहरू चौक इलाके में एक बड़ा पटाखा बाजार है और जिले के व्यापारी और नागरिक यहां पटाखे खरीदने आते हैं। मनपा का अग्निशमन विभाग पटाखा बाजार की दुकानों को एनओसी देता है। साथ ही, बिना लाइसेंस और बिना किसी सुरक्षा के रिहायशी इलाकों में पटाखे रखने से नागरिकों की जान को खतरा पैदा हो गया है। मनपा और पुलिस इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। हालांकि, पुलिस और मनपा संयुक्त रूप से बिना लाइसेंस के रिहायशी इलाकों में दुकानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### 30 दुकानों को अनुमति और चल रही 60 दुकानें

शहर में लाइसेंस प्राप्त दुकानों की संख्या 30 है, यह जानकारी मनपा अग्निशमन विभाग और पटाखा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश थारवानी ने दी। दरअसल, 60 से अधिक पटाखा दुकानें अवैध रूप से सजी हुई हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।

### रिहायशी इलाके में पटाखों का गोदाम

शिकायत मिलने के बाद, पुलिस ने रिहायशी इलाके में बिना लाइसेंस और असुरक्षित पटाखों के गोदाम पर कार्रवाई की। हालाँकि, अन्य रिहायशी इलाकों में पटाखों के गोदामों पर भी कार्रवाई की माँग की जा रही है।

### क्षमता से ज़्यादा पटाखों का स्टॉक

नेहरू चौक इलाके का मुख्य बाज़ार वह जगह है जहाँ हज़ारों नागरिक खरीदारी करने आते हैं। इस व्यस्त इलाके में एक पटाखों की दुकान है और दुकान में क्षमता से कई गुना ज़्यादा पटाखे रखे हुए हैं।

# 17 लाख रुपये की विदेशी शराब ज़ब्त

- दो गिरफ्तार, एक फरार



**उल्हासनगर.** राज्य आबकारी विभाग ने ठाणे जिले के उल्हासनगर से दूसरे राज्यों से अवैध रूप से महाराष्ट्र में बिक्री के लिए लाई गई 17 लाख 10 हज़ार 160 रुपये की विदेशी शराब ज़ब्त की है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 17 लाख 10 हज़ार 160 रुपये का माल ज़ब्त किया गया है।

6 अक्टूबर को, राज्य आबकारी उल्हासनगर संभाग निरीक्षक बी.के. जाधव के नेतृत्व में एक टीम ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में वीनस चौक उल्हासनगर-4 पर जाल बिछाकर छापा मारा। उस कार्रवाई में, दो आरोपियों के कब्जे से दमन निर्मित 168 बोतल आयातित विदेशी शराब और तीन वाहन, एक इंडिका कार, एक रिक्शा और एक महिंद्रा पिकअप, जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 17 लाख 10 हजार 160 रुपये थी।

इस मामले में, सुनील बुलानी और कटारिया दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक अन्य अज्ञात फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि यह सारी शराब दादरा और नगर हवेली और दमन में बिक्री के लिए थी, लेकिन कर चोरी करके महाराष्ट्र में बिक्री के लिए लाई गई थी। राज्य आबकारी विभाग की इस कार्रवाई से उल्हासनगर क्षेत्र में अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है और विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियाँ जारी रहेंगी।

# वायु प्रदूषण से अंबरनाथ निवासियों का घुट रहा दम

- रासायनिक दुर्गंध के कारण बंद करनी पड़ रही खिड़कियाँ



**अंबरनाथ.** मानसून के थमते ही, औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित कंपनियों से निकलने वाली रासायनिक गैस के कारण नागरिकों के लिए खुद को घरों में बंद कर लेने की नौबत आ गई है. पिछले कुछ दिनों से, अंबरनाथ के पश्चिम में स्थित मोरीवली औद्योगिक क्षेत्र से रासायनिक गैस निकल रही है और मंगलवार को भी बड़े पैमाने पर गैस रिसाव देखा गया। परिणामस्वरूप, अंबरनाथ के पूर्व और पश्चिम क्षेत्रों में धुआँ फैल गया था। इससे नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले कुछ वर्षों से, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में आम नागरिक औद्योगिक प्रदूषण के प्रभावों से जूझ रहे हैं। नालों और नदियों में छोड़े जा रहे रासायनिक सीवेज को बिना उपचारित किए छोड़े जाने से प्रदूषण बढ़ रहा है। परिणामस्वरूप, नदी में जलीय जीव प्रभावित हो रहे हैं। अंबरनाथ जैसे शहर में, कुछ दिन पहले वालधुनी नदी में रासायनिक सीवेज छोड़े जाने के कारण नदी का रंग पीला हो गया था। पिछले कुछ दिनों से अंबरनाथ में गैस रिसाव की समस्या सिर उठा रही है।

पिछले पाँच महीनों से लगातार हो रही बारिश के कारण खुली हवा में बाहर घूमना मुश्किल हो गया था। हालाँकि, पिछले तीन-चार दिनों में बारिश कम हुई है। इस वजह से बच्चे और बुजुर्ग समेत आम नागरिक बाहर निकलना पसंद कर रहे हैं। हालाँकि, रात में कंपनियों से निकलने वाली रासायनिक गैस के कारण नागरिकों को फिर से घर के अंदर रहना पड़ रहा है। मंगलवार को भी रसायन की तेज़ गंध महसूस की गई। इससे बुज़ुर्गों और छोटे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

कंपनियाँ नागरिकों को खुली हवा में घूमने देंगी या नहीं, इस पर नागरिक रोष व्यक्त कर रहे थे। लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण नागरिक संबंधित कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस संबंध में क्या भूमिका निभाता है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

## दलित व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या

उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक दलित व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर देने की घटना भयावह और मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली है। इस पूरे प्रकरण में जिस तरह की मानसिकता सामने आई है, उसे किसी भी सभ्य समाज में संवेदनहीनता की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा। भले ही इस मामले में मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन सरकार के सामाजिक समानता के दावों और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

दावा किया जा रहा है कि घटना के वक्त कुछ पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि पुलिस की मौजूदगी में इस वारदात को कैसे अंजाम दिया गया? क्या वजह रही कि आरोपियों को पुलिस और कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा? क्या अपराध पर काबू पाने के सरकारी दावों की हकीकत यही है?

पुलिस के मुताबिक, जिस व्यक्ति की बर्बर तरीके से हत्या की गई, वह घटना वाली रात अपनी पत्नी और बेटी से मिलने के लिए पैदल ससुराल जा रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने उसे चोर समझ कर पकड़ लिया। जब वह लोगों के सवालों का जवाब ठीक से नहीं दे पाया तो बर्बरता से पिटाई करने के बाद उसे रेलवे स्टेशन तक घसीटकर ले जाया गया और गंभीर हालत में वहीं छोड़ दिया गया, जिस कारण उसकी मौत हो गई।

ऐसे में सवाल है कि अगर स्थानीय लोगों को उस व्यक्ति पर कोई संदेह था, तो उसे पकड़कर पुलिस के हवाले क्यों नहीं किया गया? कानून अपने हाथ में लेकर ऐसी बर्बरता करने का अधिकार उन्हें किसने दिया? और अगर पुलिसकर्मी घटनास्थल पर मौजूद थे, तो वे मूकदर्शक बनकर क्यों खड़े रहे?

यह घटना राज्य सरकार के उस दावे को भी झुठलाती नजर आती है कि प्रदेश में अब कानून का राज है। इस राज में समाज के दमित-वंचित तबके के लोगों की क्या जगह है? संविधान और कानून हर नागरिक की सुरक्षा, उसके अधिकार और अभिव्यक्ति को समान दर्जा देता है। इसलिए जरूरी है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# खाद्य पदार्थों के साथ दवाओं की गुणवत्ता भी सही नहीं

इन दिनों विषाक्त कफ सीरप से मध्य प्रदेश और राजस्थान में एक दर्जन से अधिक बच्चों की मौत का मामला चर्चा में है। हर तरफ आक्रोश है और उसके चलते जांच एवं कार्रवाई की बातें हो रही हैं। क्या यह पहली बार हो रहा है? नहीं। 1986 में मुंबई में विषाक्त कफ सीरप से 14 बच्चों की जान गई थी और दिल्ली में 33 बच्चों की।

इसके बाद 2020 में जम्मू में 12 बच्चों की मौत हुई। हर बार सब कुछ ठीक करने की बातें की गईं, लेकिन स्थितियां नहीं बदलीं। 2022 में भारतीय दवा कंपनियों की ओर से बनाई गई कफ सीरप से गांबिया और फिर उज्बेकिस्तान में कई बच्चों की मौत हुई। इन मौतों का संज्ञान विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी लिया।

इन मामलों के कारण भारत की दवा कंपनियों की बदनामी भी हुई। माना जा रहा था कि इस बदनामी के कारण विषाक्त कफ सीरप बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी और दवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण करने वाली सरकारी एजेंसियां अपना काम सही तरह से करेंगी, पर नतीजा ढाक के तीन पात वाला रहा।

गांबिया और उज्बेकिस्तान को कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनियों के खिलाफ फौरी कार्रवाई तो हुई, पर ऐसी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जो नजीर बनती और विषाक्त कफ सीरप बनने का सिलसिला थमता। ऐसा ही राजस्थान और मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सीरप सप्लाई करने वाली दवा कंपनी के साथ हो तो हैरानी नहीं, क्योंकि इस सीरप में विषाक्त रसायन के प्रयोग को लेकर विरोधाभासी खबरें आ रही हैं।



दवाओं के निर्माण की प्रक्रिया और उनकी गुणवत्ता की परख करने वाली सरकारी एजेंसियां और सरकारें कुछ भी दावा करें, यह काम सही तरह नहीं होता और इसका प्रमाण यह है कि आए दिन दवाओं के सैंपल फेल होने की खबरें आती हैं। पिछले महीने खबर आई थी कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य दवा नियामकों की जांच में हिमाचल प्रदेश की दवा कंपनियों की 94 दवाओं के सैंपल फेल हुए। जांच में तीन दवाएं नकली भी निकलीं।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन हर माह ड्रग अलर्ट जारी करता है। अगस्त के ड्रग अलर्ट के अनुसार हिमाचल की 31 दवा कंपनियों की 38 दवाएं गुणवत्ता के पैमाने पर खरी नहीं उतरीं। इसी ड्रग अलर्ट के अनुसार उत्तराखंड, पंजाब और मध्य प्रदेश की दवा कंपनियों में बनीं 56 दवाओं के सैंपल भी फेल हुए। जुलाई के ड्रग अलर्ट के अनुसार कुल 143 दवा नमूने फेल पाए गए। जून के ड्रग अलर्ट में कुल 188 दवाओं के सैंपल फेल हुए। इनमें हिमाचल, गोवा और महाराष्ट्र की दवा कंपनियों की दवाएं थीं।

इस पर संतोष नहीं जताया जा सकता कि ये सैंपल बैच विशेष के होते हैं और उन्हें हटाने को कहा जाता है, क्योंकि इसकी गारंटी नहीं कि दोयम दर्जे की दवाओं को हटाने के निर्देश जारी करने के पहले वे मरीजों तक नहीं पहुंच जाती होंगी। चूंकि हिमाचल फार्मा कंपनियों का गढ़ है, इसलिए दवाओं के फेल सैंपल के मामले में यहां की कंपनियों का नाम खूब आता है, पर सच यह है कि शेष देश की दवा कंपनियों के सैंपल भी फेल होने का सिलसिला कायम है। भारत ने जेनेरिक दवाओं के निर्माण में अपनी पहचान बना ली है, लेकिन यदि दोयम दर्जे की दवाएं बनती रहीं तो यह पहचान खतरे में पड़ सकती है। क्या हम केवल दवाओं की गुणवत्ता ही बनाए रख पाने में नाकाम हैं? नहीं। दवाओं के साथ-साथ खाद्य सामग्री और पेय पदार्थों की गुणवत्ता के मामले में भी हमारी स्थिति दयनीय है। डिब्बाबंद खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में रहती है। उनके निर्माण में मानकों का उल्लंघन होता ही रहता है। कई बार तो उनमें विषाक्त अखाद्य वस्तुओं की भी मिलावट की जाती है, लेकिन मुश्किल से ही कोई मिलावटखोर दंडित होता है।

जिस तरह दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली सरकारी एजेंसियां और ड्रग इंस्पेक्टर अपना काम ले-देकर करते हैं, उसी तरह खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता की परख करने वाली सरकारी एजेंसियां और फूड इंस्पेक्टर भी। सरकारी तंत्र में व्याप्त इस भ्रष्टाचार का ही यह नतीजा है कि भारत में न तो दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित है और न ही खाद्य एवं पेय पदार्थों की। दूध, खोया, मिठाई, मसालों आदि में तो मिलावट की आशंका बनी ही रहती है और अक्सर यह सही पाई जाती है।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारी आत्मा का बाहरी रूप ध्यान है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अदालत के भीतर जूते फेंकने जैसी हरकत

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन लोगों से संविधान और कानून की रक्षा, उसकी मजबूती के लिए काम करने की उम्मीद की जाती है, वही अपनी कुंठाओं का प्रदर्शन करते हुए सारे नियम-कायदे ताक पर रख दें। सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को प्रधान न्यायाधीश के साथ एक वकील ने जो किया, उससे यह तीखा सवाल उठा है कि ऊंची पढ़ाई-लिखाई करके वकालत का पेशा चुनने वाला एक व्यक्ति कैसे अपने दुराग्रहों की वजह से कानून और न्याय-प्रक्रिया को अपमानित कर सकता है।

गौरतलब है कि एक वकील ने कार्यवाही के बीच में ही प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की ओर सिर्फ इसलिए जूता उछालने की कोशिश की कि उसके दिमाग पर सोशल मीडिया पर फैलाई गई कोई बात हावी हो गई थी। सरकार की ओर से हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था एक मुद्दा दिखने के बावजूद अदालत के भीतर इसका ढांचा कैसा था कि एक व्यक्ति अपनी मनमानी को लेकर बेखौफ था। गनीमत बस यह रही कि आरोपी की हरकत सीमित थी, वरना वहां कुछ भी हो सकता था।

सवाल है कि जिस व्यक्ति के भीतर विवेक इस कदर अनुपस्थित हो गया हो कि वह अदालत में ही प्रधान न्यायाधीश के प्रति आक्रामक हो गया, वह इससे



ज्यादा हिंसक नहीं होगा, इस बात की क्या गारंटी है। इस मसले पर सोशल मीडिया पर फैलाई गई बातों के असर में इस तरह बेलगाम और आक्रामक होना इस बात का भी सूचक है कि ऐसे व्यक्ति का विवेक सामान्य तरीके से काम नहीं कर पा रहा है और वह कानून के तंत्र एवं शासन के बजाय हिंसा का रास्ता अख्तियार करना ज्यादा सही मानता है।

शायद यही वजह है कि प्रधान न्यायाधीश ने भले ही उदारता दिखाते हुए आरोपी व्यक्ति के प्रति नरमी बरती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल ने आरोपी वकील का लाइसेंस जब्त कर उसे निलंबित कर दिया। मगर इस घटना की गंभीरता को समझते हुए ही खुद प्रधानमंत्री सहित अन्य कई बड़े नेताओं ने इसे निंदनीय बताया और चिंता जाहिर की। हैरानी की बात है कि आरोपी ने अपनी मनमानी करने का जो कारण बताया, उससे यह साफ है कि वकील होने के बावजूद उसकी नजर में कानून या न्याय-प्रणाली की कोई अहमियत नहीं है। दरअसल, सोशल मीडिया पर प्रधान न्यायाधीश के एक बयान की मनमानी व्याख्या करके उसे फैलाया गया और उसके प्रभाव में आए लोगों ने इस पर सोचने-समझने या विवेक का उपयोग करने की जरूरत नहीं समझी।

आरोपी वकील ने जिस सनातन के कथित अपमान की बात की, क्या वह उसे आक्रामकता और हिंसा का सहारा लेने का संदेश देता है? इस समूचे मामले में सोशल मीडिया की जैसी भूमिका सामने आई, वह भी बेहद चिंताजनक और बहसतलब है। विवाद के संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश ने साफ कहा था कि उनकी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया, लेकिन अफसोसनाक है कि उसी मनमानी से प्रभावित होकर कुछ लोगों ने उनके खिलाफ धारणा बना ली।

आजकल सोशल मीडिया पर जिस तरह बिना कुछ सोचे-समझे किसी बात की गलत व्याख्या करने और उसके जरिए व्यापक स्तर पर धारणा बनाने का चलन देखा जा रहा है, उसके घातक नतीजे सामने आ रहे हैं। एक ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जिसमें विचार, बहस और विवेक के उपयोग की जगह सिमटती जा रही है और आक्रामकता तथा हिंसक मनोवृत्ति का उभार देखा जा रहा है। यह स्थिति देश के लोकतंत्र और कानून के लिहाज से बेहद चिंताजनक है।

# ट्यूबवेल बना 'फिश टैंक', हैंडपंप से निकली मछलियां

**जरा हट के**

उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जमसड़ा गांव में बीते कुछ दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद एक अजीबोगरीब नज़ारा देखने को मिला. ग्रामीणों ने देखा कि उनके घरों के लगभग 20-25 हैंडपंप और ट्यूबवेल से सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि मछलियां भी निकल रही हैं. यह अनोखी घटना मुख्य रूप से 3 से 5 अक्टूबर 2025 के बीच हुई भारी बारिश के कारण सामने आई. यह मामला अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया है.

लगातार बारिश के पानी के बहाव ने जमीन के भीतर जलस्तर को इस कदर प्रभावित किया कि ट्यूबवेल और हैंडपंप से मछलियां ऊपर आने लगीं. इस पानी का रंग पीला पड़ गया, उसमें बदबू आने लगी और यह इतना प्रदूषित हो गया कि पालतू जानवर भी इसे पीने से कतराने लगे हैं. लेकिन, सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पानी के साथ छोटी छोटी मछलियां निकल रही हैं.



### ट्यूबवेल से निकलीं मछलियां, ग्रामीण हैरान

ग्रामीण नंदू कुशवाहा ने बताया कि 5 अक्टूबर की सुबह उनके पुराने ट्यूबवेल से करीब सवा किलो मछलियां निकलीं. इनमें सिंघी, टेगना, गिरई और गोईजा जैसी प्रजातियां थीं. अगले दिन और भी लगभग आधा किलो मछलियां निकल आईं. अब हालात यह हैं कि लोग पीने और खाना बनाने के लिए आरओ का पानी मंगा रहे हैं. हालांकि, बच्चों और ग्रामीणों के लिए यह घटना किसी चमत्कार से कम नहीं, बल्कि एक मजेदार और रोमांचक अनुभव बन गई है.

खंड विकास अधिकारी भीमराव प्रसाद ने कहा, 'यह मामला जलकल विभाग से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है. जल्द ही जांच के लिए टीम भेजी जाएगी.' इस घटना ने पूरे इलाके में चर्चा और उत्सुकता पैदा कर दी है. लोग इसे मज़ाक में 'गांव का लाइव मछली पार्क' कह रहे हैं. रात को लोग ट्यूबवेल के पास खड़े होकर मछलियां पकड़ते देखे गए.

**खाना-खजाना**

# वेजिटेबल सैंडविच

**सामग्री :**

- 8 ब्रेड स्लाइस
- 1/2 कप बारीक कटा हुआ खीरा
- 1/2 कप टमाटर
- 1/2 कप बारीक कटी हुई शिमला मिर्च
- 1/4 कप कद्दूकस की हुई गाजर और बारीक कटी हुई पत्ता गोभी
- 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज
- 4 बड़े चम्मच मेयोनीज या हरी चटनी
- स्वादानुसार नमक
- 1/4 छोटा चम्मच काली मिर्च पाउडर
- 1/2 चम्मच चाट मसाला
- 2-3 बड़े चम्मच मक्खन या बटर

**विधि :**

सबसे पहले एक बड़ा कटोरा लें और उसमें बारीक कटी हुई सभी सब्जियां (खीरा, टमाटर, शिमला मिर्च, गाजर, पत्ता गोभी और प्याज) डाल दें।



अब सब्जियों में मेयोनीज या हरी चटनी डालें। फिर इसमें नमक, काली मिर्च पाउडर और चाट मसाला डालकर अच्छी तरह मिला लें। ध्यान दें कि सब्जियों में नमक सबसे लास्ट में डालें ताकि वे पानी न छोड़ें। ब्रेड के दो स्लाइस लें। अगर आप सैंडविच को सेकना चाहते हैं, तो ब्रेड के बाहरी किनारों पर हल्का मक्खन लगा लें। अब तैयार सब्जी को ब्रेड के एक स्लाइस पर अच्छी तरह फैलाएं। ऊपर से दूसरा स्लाइस रखकर सैंडविच बंद कर दें। सैंडविच को ग्रिलर या टोस्टर में रखें और यह कुरकुरा और सुनहरा भूरा होने तक ग्रिल करें। गरमा-गरम सैंडविच को केचअप या चटनी के साथ सर्व करें।

# दिवाली की सफाई बनाएं मजेदार

### ■ इन आसान घरेलू नुस्खों से पाएं हर कोना चमकदार,
### ■ मां लक्ष्मी खुद आएंगी आपके घर

दिवाली का त्योहार नजदीक आते ही घरों में सफाई की हलचल शुरू हो जाती है. मान्यता है कि मां लक्ष्मी उसी घर में प्रवेश करती हैं, जहां स्वच्छता और साज सज्जा का ध्यान रखा गया हो. हर कोई चाहता है कि त्योहार पर उसका घर मंदिर की तरह चमके और मेहमानों को आकर्षित करे. हालांकि घर की सफाई को अक्सर बड़ा काम माना जाता है, लेकिन कुछ आसान नुस्खों से यह प्रक्रिया न केवल सरल, बल्कि मजेदार भी हो सकती है. लोकल 18 से बातचीत में बघेलखंड निवासी कमला तिवारी ने ऐसे 9 टिप्स बताएं, जो आपके घर के मंदिर से लेकर बाथरूम और टाइल्स तक चमका देंगे.





### ■ शीशे और खिड़कियां ऐसे होंगी चमकदार

घर के शीशे, खिड़कियां और कांच की सजावटें दिवाली पर सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करती हैं. इन्हें साफ करने के लिए सफेद सिरका सबसे आसान उपाय है. सिरके और पानी को मिलाकर स्प्रे बोतल में डालें और शीशों पर छिड़कें. कुछ मिनट बाद माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछ दें. इससे कांच बिल्कुल नए जैसे चमक उठेंगे.

### ■ माइक्रोवेव की नींबू वाली सफाई

त्योहार पर रसोई की सफाई भी जरूरी है. माइक्रोवेव को साफ करने के लिए नींबू बेहद असरदार है. आधे नींबू का रस चार चम्मच पानी में मिलाकर इसे 10 मिनट तक माइक्रोवेव में गरम करें. निकली हुई भाप जमे हुए दागों को ढीला कर देगी जिन्हें बाद में आसानी से कपड़े से साफ किया जा सकता है.

### ■ बाथरूम की चमक बढ़ाने का तरीका

बाथरूम की सफाई में अक्सर सबसे ज्यादा समय लगता है. सिंक और नल पर जमी गंदगी हटाने के लिए एप्पल साइडर विनेगर और नींबू का रस मिला लें. इसे दागों पर लगाकर 15 मिनट छोड़ दें फिर कपड़े से पोंछें जिससे आपको साफ और चमचमाता बाथरूम मिलेगा.

### ■ टाइल्स और ग्राउट ऐसे साफ करें

टाइल्स की ग्राउट की सफाई लोगों के लिए सबसे मुश्किल काम होता है. लेकिन बेकिंग सोडा और हाइड्रोजन पेरोक्साइड का पेस्ट बनाकर पुरानी टूथब्रश से रगड़ने पर गंदगी आसानी से हट जाएगी. धोने के बाद टाइल्स फिर से चमकदार दिखने लगेंगी.

### ■ बाथरूम फिटिंग्स भी होंगी नई जैसी

नल और शावर हेड पर जमी गंदगी को हटाने के लिए बेकिंग सोडा और डिश सोप का मिश्रण बनाकर पांच मिनट तक छोड़ दें. स्पंज से रगड़ने पर दाग और बैक्टीरिया दोनों ही गायब हो जाएंगे.

### ■ पूजा घर और मूर्तियों की खास सफाई

दिवाली पर पूजा घर की सफाई का विशेष महत्व होता है. पीतल या तांबे की मूर्तियों पर जमी धूल मिट्टी हटाने के लिए सिट्रिक एसिड और पानी का पेस्ट बनाएं. इससे धीरे धीरे मूर्तियों को रगड़ें, कुछ ही देर में वे चमक उठेंगी और पूजा स्थल का माहौल और भी भव्य हो जाएगा. दिवाली की सफाई परंपरा नहीं बल्कि स्वास्थ्य और सकारात्मकता से भी जुड़ी है. इन आसान 9 तरीकों को अपनाकर आप अपने घर को बिना ज्यादा मेहनत किए मंदिर जैसा पवित्र और चमचमाता बना सकते हैं. इस बार त्योहार की तैयारी में इन नुस्खों को जरूर आजमाएं.

## आज का राशिफल

**मेष** : निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**वृषभ** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** : कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** : कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कन्या** : धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**तुला** : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**धनु** : भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**मकर** : आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दु:खद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ** : पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। घर में तनाव रह सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** : आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कपड़े वाला सोफा हो गया है गंदा



### ■ सोफा को साफ करने के तरीके

■ सोफा साफ करने का आसान तरीका है वैक्यूम क्लीनर. अगर आपके घर में ये इलेक्ट्रॉनिक क्लीनिंग अप्लायंस है तो इसका यूज करके सोफा के कोने-कोने में जमी धूल-गंदगी को साफ कर सकते हैं. इसका इस्तेमाल आप प्रत्येक 3-4 दिन में करें ताकि आपका नया सोफा 6 महीने में ही गंदा ना हो जाए.

■ हर सप्ताह सोफे को ब्रश या साफ कॉटन के कपड़े से साफ करते रहें, ताकि धूल-गंदगी सोफे के फैब्रिक, कवर पर ना जमा हो. यदि इसे ऐसे ही गंदा छोड़ देंगे तो धीरे-धीरे फैब्रिक काली हो जाएगी. हल्के या सफेद रंग के सोफे जल्दी गंदे नजर आने लगेंगे.

■ आप नींबू और माइल्ड शैंपू से भी सोफा को साफ कर सकते हैं. इसके लिए एक बर्तन में पानी लें. इसमें नींबू का रस और माइल्ड शैम्पू थोड़ा-थोड़ा डाल दें. इसे अच्छे से मिक्स करें ताकि इसमें झाग बन जाए. इस लिक्विड में साफ कपड़ा डालकर निचोड़ लें और इससे सोफा सेट के लकड़ी वाले पार्ट को साफ करें. अब दूसरे साफ और सूखे कपड़े से हैंडल्स को फिर से पोछ लें. चमक उठेगा सोफा.

■ यदि लेदर का सोफा सेट है तो इस लिक्विड से पूरे सोफे को पोछ सकते हैं. लेदर पर चिपकी सारी गंदगी निकल जाएगी और फिर से सोफा चमक उठेगा. इस लिक्विड से आप घर के अन्य लकड़ी वाली फर्नीचर, बेड, अलमारी की भी सफाई कर सकते हैं.

■ नींबू और बेकिंग सोडा से भी दाग हटा सकते हैं. इसके लिए 1 बड़ा चम्मच बेकिंग सोडा, आधा नींबू का रस और थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को दाग पर लगाएं. 10 मिनट बाद गीले कपड़े से पोंछ लें. यह सोफे पर लगे ऑयल, मसालों के दाग हटाने के लिए बहुत असरदार है.

# कहीं आप भी तो नहीं खा रहे धीमा जहर

मैदा, जो आज लगभग हर फास्ट फूड और बेकरी उत्पाद का मुख्य घटक बन चुका है, धीरे-धीरे हमारी सेहत के लिए एक स्लो पॉइजन साबित हो रहा है. पिज्जा, बर्गर, ब्रेड, बिस्कुट, समोसा या कचौरी इन सबका स्वाद भले ही लुभावना हो, लेकिन इसे बनाने में उपयोग होने वाला मैदा हमारे शरीर के लिए बेहद हानिकारक है. आयुर्वेद में इसे अग्नि मंद्य अर्थात पाचन शक्ति को कमजोर करने वाला तत्व माना गया है, जबकि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान इसे साइलेंट किलर कहता है.

मैदा गेहूं के दानों से ब्रान (चोकर) और जर्म (अंकुर) को अलग कर बनाया जाता है, जिससे केवल स्टार्च बचता है. इस प्रक्रिया में विटामिन, खनिज और फाइबर पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं. इतना ही नहीं, इसका रंग और बनावट निखारने के लिए इसमें ब्लीचिंग एजेंट जैसे बेंज़ोयल पेरोक्साइड और क्लोरीन गैस मिलाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक रासायनिक पदार्थ हैं.

मैदा शरीर पर कई तरह से हानिकारक प्रभाव डालता है. सबसे पहले यह पाचन तंत्र पर भारी पड़ता है. आंतों में जाकर यह गोंद जैसी परत बना लेता है, जिससे कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं. इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत अधिक होता है, जिससे यह तुरंत ब्लड शुगर बढ़ाता है और डायबिटीज के रोगियों के लिए नुकसानदायक सिद्ध होता है.



लगातार मैदा खाने से शरीर में वसा बढ़ती है, विशेष रूप से पेट और कमर के आसपास, जिससे मोटापा और मेटाबॉलिक विकार बढ़ते हैं. इसके साथ ही यह खराब कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को बढ़ाकर हृदय रोगों का खतरा बढ़ा देता है.

मैदे में न तो कोई पोषक तत्व होता है, न फाइबर. यह केवल कैलोरी देता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता धीरे-धीरे कमजोर हो जाती है.

आयुर्वेद के अनुसार मैदा गुरु और अम्लकारक होता है, जो पाचन अग्नि को मंद करता है और शरीर में आम यानी विषैले तत्व उत्पन्न करता है. यह कफ दोष को बढ़ाता है, जिससे मोटापा, मधुमेह और जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियां बढ़ती हैं.

आधुनिक शोध भी इस दृष्टिकोण की पुष्टि करते हैं. 2010 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जो लोग प्रतिदिन रिफाइंड आटे से बने खाद्य पदार्थ खाते थे, उनमें हृदय रोग का खतरा 30% अधिक था. इसी कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट के अत्यधिक सेवन से बचने की सलाह दी है.

मैदा की जगह साबुत गेहूं का आटा, मल्टीग्रेन आटा, जौ, जई, बेसन, और मक्के का आटा जैसे विकल्प अपनाना अधिक लाभदायक है, क्योंकि ये फाइबर, प्रोटीन और खनिजों से भरपूर होते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक



# मोदी बोले- भारत कभी 2G के लिए जूझता था

## आज सभी जिलों में 5G कनेक्टिविटी, 1GB डेटा की कीमत एक कप चाय से भी कम

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025 के 9वें एडिशन का उद्घाटन किया। यह एशिया का सबसे बड़ा टेलीकॉम, मीडिया और टेक्नोलॉजी इवेंट है। PM ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया।

उन्होंने कहा- जब मैंने 'मेक इन इंडिया' की बात कही थी तो कुछ लोग इसका मजाक उड़ाते थे। उन्हें जवाब मिल गया है। जो देश कभी 2जी को लेकर स्ट्रगल करता था, आज उसी देश के सभी जिले में 5जी पहुंच गया है। आज भारत में 1GB वायरलेस डेटा की कीमत एक कप चाय से भी कम है।




PM ने कहा- भारत ने मेड इन इंडिया 4G स्टैक लॉन्च किया है। अब भारत उन 5 देशों की लिस्ट में आ गया है, जिनके पास यह क्षमता है। पूरी दुनिया भारत की क्षमता को पहचान रही है। हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम और 5G मार्केट है। यह भारत में निवेश, नवाचार और निर्माण का सबसे सही समय है।

### PM मोदी के भाषण की 3 बड़ी बातें...

- भारत दुनिया की सबसे युवा आबादी वाला देश है। नई जेनरेशन बहुत बड़े लेवल पर स्कील्ड बनाई जा रही है। हमारे पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम और दूसरा सबसे बड़ा 5G मार्केट है। इसके साथ-साथ, हमारे पास मैनपॉवर, मोबिलिटी और माइंडसेट भी हैं।
- हम देश में साइबर सिक्योरिटी को भी उतनी ही प्राथमिकता दे रहे हैं। साइबर फ्रॉड के खिलाफ कानून सख्त किए गए हैं। जवाबदेही तय की गई है। शिकायत निवारण तंत्र में भी सुधार किया गया है। इंडस्ट्री और कंज्यूमर दोनों को इसका बहुत फायदा मिल रहा है।
- मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में चिप सेट्स, बैटरियों से लेकर डिस्प्ले और सेंसर्स तक के काम देश के भीतर और ज्यादा काम होने की जरूरत है। दुनिया पहले से कही ज्यादा डेटा जनरेट कर रही है। इसलिए स्टोरेज,सिक्योरिटी और संप्रभुता जैसे सवाल बहुत अहम हो जाएंगे। भारत डेटा सेंटर और क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम करके एक ग्लोबल डेटा हब बन सकता है।

# 'क्यूटी पाई' से मिलीं प्रियंका

**वायनाड.** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को केरल के कोडेंचेरी स्थित एक डेयरी फार्म का दौरा किया, जहां उन्होंने किसानों से मुलाकात की और उनकी परेशानियों को सुना। इस दौरान एक दिलचस्प वाकया तब हुआ जब प्रियंका की मुलाकात एक गाय से हुई, जिसका नाम "आलिया भट्ट" था। प्रियंका गांधी ने इस मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, "कोडेंचेरी के एक प्यारे परिवार द्वारा चलाए जा रहे डेयरी फार्म में कुछ डेयरी किसानों से मुलाकात की (और एक गाय से भी मिली जिसका नाम आलिया भट्ट था!! आलिया भट्ट जी से क्षमा चाहूंगी, लेकिन वह वाकई बहुत क्यूटी पाई थी!)" उन्होंने इस पोस्ट में बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को टैग भी किया।



हालांकि, प्रियंका गांधी ने इस हल्के-फुल्के पल के साथ-साथ डेयरी किसानों की गंभीर समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, "दुर्भाग्यवश डेयरी किसान कई तरह की कठिनाइयों से जूझ रहे हैं और कई अपनी आजीविका चलाने में असमर्थ हैं। मैं संबंधित मंत्रालय को पत्र लिखकर इन मुद्दों से अवगत कराऊंगी। इनमें पशु चिकित्सा दवाओं की बढ़ी हुई लागत, पर्याप्त बीमा कवर की कमी और गुणवत्तापूर्ण चारा प्राप्त करने में कठिनाई जैसे मुद्दे शामिल हैं।"

## खबरें गांव की...

### पत्नी को प्रेमी के साथ देख पति ने खोया आपा, युवक को पीट-पीट मार डाला

**सुलतानपुर.** सुलतानपुर में निमंत्रण से वापस लौटे पति ने पत्नी को गांव निवासी युवक के साथ घर में देख अपना आपा खो दिया। इस दौरान पति ने पत्नी के प्रेमी को कमरे में बंद कर जमकर पीट-पीट कर मार डाला। साथ ही पत्नी को भी पीटकर मरणासन्न कर दिया। घायल पत्नी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना जिले के बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी अंतर्गत बबुरी गांव से जुड़ा है। जहां मंगलवार देर शाम निमंत्रण से वापस लौटे रमेश (30) दत्तक पुत्र बाबू लाल कोरी ने अपने घर में गांव निवासी विशाल (18) पुत्र विनोद कोरी को अपनी पत्नी वंदना के साथ विषम परिस्थिति में देख लिया। फिर क्या था पति रमेश आपा खो बैठा और पत्नी के साथ उसके प्रेमी को लाठी डंडे से हमला बोल दिया। मारपीट में गांव निवासी युवक विशाल की मौके पर मौत हो गई। जबकि घायल पत्नी वंदना का इलाज जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में चल रहा है। मारने के बाद पति घर के अन्दर बैठा रहा।

### पत्नी जब बाहर होती तब बेटी को हवस का शिकार बनाता था पिता

**गोरखपुर.** गोरखपुर में हैरान कर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक कलयुगी पिता अपनी सौतेली बेटी को हवस का शिकार बनाने लगा। पत्नी जब कभी घर से बाहर होती थी वह बेटी के साथ घिनौना काम करता था। बेटी के लिए जब यह सब सहना जब नामुमकिन हो गया तो एक दिन उसने अपनी मां को इस बारे में बता दिया। मां ने अपनी बेटी के साथ पति द्वारा की गई ज्यादती की शिकायत पुलिस से की। तहरीर मिलते ही पुलिस ने ऐक्शन लिया और आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला, गोरखपुर के तिवारीपुर इलाके का है। बेटी के साथ रेप की तहरीर देने वाली महिला का आरोप है कि उसके पति ने तीन शादियां की हैं। उसकी पहली पत्नी की मौत हो चुकी है, जबकि दूसरी पत्नी (पीड़िता की मां) और बेटियां इसी घर में रहती थीं। तीसरी पत्नी वर्तमान में अपने मायके में रह रही है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसका पति पिछले कई दिनों से उसकी अनुपस्थिति में बेटी के साथ गलत काम करता था। बेटी डर और लोकलाज से यह सब सहती रही लेकिन जब उसके लिए सहना मुश्किल हो गया तो उसने अपनी मां से पूरी बात बता दी।

### देवरिया में अब रेलवे ट्रैक सिग्नल पर लटकती मिली लाश, घरवाले बोले-की गई हत्या

**देवरिया.** देवरिया मेडिकल कॉलेज की पानी की टंकी में सोमवार को एक युवक की सड़ी-गली लाश मिलने की गुत्थी अभी सुलझी भी नहीं है कि बुधवार की भोर में एक रेलवे सिग्नल एक अन्य युवक का शव गमछे के सहारे लटकता हुआ मिला। भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर पर स्थित सिग्नल पर लाश की सूचना पर पहुंची परिवारीजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। देवरिया के तरकुलवा थाना क्षेत्र के हरपुर निजाम हनुमानगंज निवासी सुनील राव (उम्र 35 वर्ष) पुत्र गौरी शंकर राव मंगलवार को किसी काम से घर से निकले थे। देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। बुधवार की भोर में भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो के पूर्वी आउटर के पास लगे सिग्नल लाइट पर सुनील का शव गमछे के सहारे लटकता हुआ स्थानीय लोगों ने देखा।

# सिंगर जुबीन गर्ग मौत केस में चचेरा भाई गिरफ्तार

- हादसे के समय जुबीन के साथ मौजूद था
- असम पुलिस में DSP

**गुवाहाटी.** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में बुधवार को असम पुलिस के DSP संदीपन गर्ग को अरेस्ट किया गया है। संदीपन, सिंगर के चचेरे भाई हैं। हादसे के वक्त वह सिंगापुर में साथ थे।

अधिकारी ने बताया कि संदीपन से जुबीन की मौत के सिलसिले में पिछले कुछ दिनों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या, आपराधिक षडयंत्र और लापरवाही से मौत का कारण बनने का केस दर्ज किया गया है।

जुबीन की मौत के मामले में यह पांचवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के मुख्य आयोजक श्यामकानु



महंत, गायक के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और उनके दो बैंड सदस्यों - शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृत प्रभा महंत को अरेस्ट किया गया था।

जुबीन गर्ग का निधन सिंगापुर में 19 सितंबर को हुआ था। सिंगर 20 सितंबर को होने वाले नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए हुए थे, जहां उन्होंने वाटर एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। दावा किया गया कि उनकी मौत स्कूबा डाइविंग के दौरान एक हादसे में हुई थी।

# ब्रिटिश PM स्टार्मर ने रानी मुखर्जी के साथ फिल्म देखी

- यशराज स्टूडियो का दौरा किया
- आज 100 मेंबर का डेलिगेशन लेकर मुंबई पहुंचे

**मुंबई.** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने बुधवार को मुंबई में बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी के साथ फिल्म देखी। उन्होंने यशराज स्टूडियो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सीईओ अक्षय विधानी से भी मुलाकात की। उन्होंने कौन सी फिल्म देखी इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।



स्टार्मर आज ही मुंबई पहुंचे हैं। 2024 में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है। उनके साथ व्यापार, संस्कृति और दूसरे क्षेत्रों के 100 से अधिक लोगों का एक डेलिगेशन भी आया है, जिसमें आईटी, ऑटो-मोबाइल सहित कई क्षेत्रों के कारोबारी भी शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्टार्मर आज कूपरेज ग्राउंड में एक फुटबॉल कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। इसके अलावा शाम में विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात कर सकते हैं।

### 9 अक्टूबर को पीएम मोदी से मिलेंगे स्टार्मर

स्टार्मर और पीएम मोदी के बीच कल मुंबई में एक कार्यक्रम में मुलाकात होगी और 'विजन 2030' के तहत साझेदारी के डेवलपमेंट पर चर्चा करेंगे।

इसी साल जुलाई में भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर दस्तखत हुआ था। यह समझौता का मकसद आपसी व्यापार को 2030 तक दोगुना करके 120 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

FTA से भारतीय प्रोडक्ट्स जैसे- कपड़े, चमड़ा और एग्री प्रोडक्ट को ब्रिटेन में बेचना आसान हो जाएगा। अब स्टार्मर का दौरा दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अनंतनाग से सेना के 2 जवान लापता

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से दो भारतीय सैनिक सोमवार से लापता हैं। इसकी जानकारी आज सामने आई है। लापता जवान एलीट 5 पैरा फोर्स का हिस्सा हैं। दोनों की ड्यूटी कोकरनाग क्षेत्र के गदूल इलाके में लगी थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण ये सैनिक भटक गए होंगे। फिलहाल दोनों की तलाश जारी है। खोज के दौरान सेना की टीमें लगातार लोकल अधिकारियों के संपर्क में हैं।

# नरेंद्र मोदी को सबक सिखाओ

- पहलगाम के मास्टरमाइंड ने फिर उगला जहर; क्यों बौखलाया?

बीते मई महीने में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में अपना सबकुछ गंवाने वाले आतंकी तिलमिलाए हुए हैं और भारत में खिलाफ लगातार जहर उगल रहे हैं। इस बीच हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कासूरी ने भारत को पाकिस्तान में आए बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली धमकी दी है। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए बर्बर आतंकी हमले का मास्टरमाइंड कासूरी ही है और लश्कर के सरगना हाफिज सईद के करीबी सर्कल के तहत काम करता है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

CNN- न्यूज 18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक हाल ही में कासूरी का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह भारत को कोसता हुआ नजर आ रहा है। यह वीडियो पाकिस्तान के ऑनलाइन



प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से शेयर किया गया है। कासूरी ने वीडियो में भारत पर "वॉटर टेररिज्म" करने का आरोप लगाया है। वहीं कासूरी ने पाकिस्तान में आई बाढ़ का बदला भारत से लेने की धमकी दी। कासूरी ने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान में अनियंत्रित पानी छोड़कर बाढ़ लेकर आया है।

### आसिम मुनीर की तारीफ

इस वीडियो में सैफुल्लाह कासूरी ने पाकिस्तानी सैन्य प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की तारीफ कर उसकी तारीफों के पुल भी बांधें। उसने प्रधानमंत्री मोदी को धमकी देते हुए कहा कि पीएम मोदी को मई 10, 2025 की तरह सबक सिखाना चाहिए। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक यह बयान आतंकियों की किसी प्लानिंग की ओर इशारा करता है।

## आजम खान से मिलकर बोले अखिलेश यादव-

# वे धड़कन हैं, झूठे केसों में फंसाया गया

**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी के सीनियर नेता आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव का बयान आया है। उनका कहना है कि आजम खान पार्टी की धड़कन हैं और उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें बेवजह के मुकदमों में फंसाया गया और जेल भेज दिया गया। समाजवादी पार्टी आजम खान के साथ है और हमेशा रहेगी। इस बीच अखिलेश यादव का मुलाकात के तुरंत बाद एक ट्वीट भी किया है। इस बीच अखिलेश यादव का मुलाकात के तुरंत बाद एक ट्वीट भी किया है। उन्होंने लिखा, 'क्या कहें भला उस मुलाक़ात की दास्तान। जहां बस जज़्बातों ने खामोशी से बात की।'

अखिलेश यादव ने आजम खान से मुलाकात की तस्वीरें भी शेयर की हैं। इनमें से एक तस्वीर में आजम खान अखिलेश यादव को



कलम देते हुए दिख रहे हैं। आजम खान ने कई इंटरव्यू में कहा था कि मैंने बच्चों के हाथों में कलम पकड़ाई है। उन बच्चों के हाथों में कलम देने की कोशिश की है, जो यदि नहीं पढ़ते तो पंचर बनाते या फिर कोई और काम करते। मुलायम सिंह यादव से अपने रिश्तों का जिक्र करते हुए आजम ने कहा था कि मैंने बच्चों के हाथों में कलम देने का सपना देखा तो मुलायम सिंह यादव ने उसे साकार किया है।

आजम खान और अखिलेश यादव की यह मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली और दोनों अकेले ही बैठे रहे। दरअसल आजम खान ने पहले ही शर्त रखी थी कि यह मुलाकात सिर्फ मुझसे होगी और अखिलेश यादव किसी और नेता को साथ लेकर नहीं आएंगे। उन्होंने कहा था कि ईद पर मेरी पत्नी अकेली बैठकर रोती रही, लेकिन कोई हमारा हाल पूछने तक नहीं आया। फिर अब किसी को आने की क्या जरूरत है। ऐसे में आजम खान से अखिलेश यादव के अकेले ही मिलने जाने को उनकी जिद पूरी होने के तौर पर देखा जाता रहा है। चर्चाएं रही हैं कि आजम खान बसपा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में इस मुलाकात का लोगों को इंतजार था।

# जेल में सोनम वांगचुक से मिली पत्नी

## गीतांजलि ने कहा- डिटेंशन ऑर्डर को देंगे चुनौती; वकील भी साथ में थे

**जोधपुर.** जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से मंगलवार रात पत्नी गीतांजलि अंगमो ने मुलाकात की। उनके साथ वकील रितम खरे भी थे। गीतांजलि ने अपने पति की रिहाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। जिस पर 14 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

गीतांजलि ने सोनम वांगचुक से मुलाकात के बाद बुधवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा- आज रितम खरे के साथ वांगचुक से मुलाकात की। डिटेंशन ऑर्डर हासिल किया, जिसे हम कानूनी रूप से चुनौती देंगे। इस डॉक्युमेंट में वांगचुक पर लगाए गए सभी आरोपों और एनएसए लगाने के कारणों का उल्लेख है। अब कानूनी टीम इस आदेश को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी में जुट गई है।



### लेह से गिरफ्तार कर जोधपुर लेकर आए थे

लद्दाख में 24 सितंबर को छठी अनुसूची का दर्जा और राज्य का दर्जा मांगने वाले विरोध-प्रदर्शन के दौरान भीषण हिंसा हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। 24 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत हिरासत में लिया गया था।

पुलिस का आरोप था कि वांगचुक ने युवाओं को भड़काया और विवादित बयान दिए, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी। लेह से गिरफ्तारी के बाद वांगचुक को जोधपुर जेल में रखा गया है।

# ICC रैंकिंग जारी-बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज



- सिराज 12वें स्थान पर
- कुलदीप ने 7 स्थान की छलांग लगाई
- बैटर्स में जायसवाल को नुकसान

ICC ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। टेस्ट बॉलर्स की रैंकिंग में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे भारतीय गेंदबाजों को फायदा हुआ है, जबकि जसप्रीत बुमराह ने अपनी टॉप पोजिशन कायम रखी है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 7 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज करियर बेस्ट 12वीं रैंक पर आ गए हैं। उनके 718 रेटिंग पॉइंट्स हैं। स्पिनर कुलदीप यादव को 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 21वें स्थान पर हैं।

### जायसवाल को नुकसान, राहुल को 4 स्थान का फायदा

भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को बैटर्स की रैंकिंग में 2 पायदान का नुकसान हुआ है। वे 779 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 7वें स्थान पर आ गए हैं। जायसवाल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेली गई इकलौती पारी में 36 रन ही बना सके थे।

एक अन्य भारतीय ओपनर केएल राहुल को 4 स्थानों का फायदा हुआ है। वे 606 अंक के साथ 35वें स्थन पर आ गए हैं। राहुल ने कैरेबियाई टीम के खिलाफ 100 रन की शतकीय पारी खेली थी। नाबाद 104 रन की पारी खेलने वाले रवींद्र जडेजा 644 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 25वें स्थान पर आ गए हैं। उन्हें 6 पायदान का फायदा हुआ है। यह जडेजा की करियर बेस्ट रैंकिंग है। इस सूची में भारतीय कप्तान शुभमन गिल 13वें स्थान पर यथावत हैं।

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में रवींद्र जडेजा में 187 हफ्ते से टॉप पर कायम हैं। उनके 430 रेटिंग पॉइंट्स हैं। रवींद्र जड़ेजा पहली बार 9 मार्च 2022 को दुनिया के नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर बने थे, जिसमें उन्होंने जेसन होल्डर को पछाड़ा था।

# आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में आग, छह की मौत

आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिले के रायवरम में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इसके बाद धमाके भी हुए। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है।

SP राहुल मीणा ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में लापरवाही के कारण हादसे की आशंका है। पटाखा फैक्ट्री के पास मैन्युफैक्चरिंग का लाइसेंस था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में पटाखा बनाने के दौरान शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका की खबरें हैं।

घटना के कई वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में पूरी फैक्ट्री आग की लपटों से घिरी दिखी। एक अन्य वीडियो में एक व्यक्ति का शव पूरी तरह जला हुआ पड़ा है। वहीं, दूर से रिकॉर्ड किए एक वीडियो में फैक्ट्री से धुएं का गुबार काफी ऊंचाई तक उठता हुआ दिखा। इस दौरान कई धमाके भी हुए।

CM चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं। नायडू ने X पर लिखा- इस दुर्घटना में कई लोगों की जान जाने की खबर से गहरा दुख हुआ है। मैंने अधिकारियों से दुर्घटना के कारणों, वर्तमान स्थिति, राहत कार्यों और चिकित्सा सहायता के बारे में बात की है।

# कैंची धाम बन रहा युवाओं की पहली पसंद

- सर्वे के मुताबिक श्रद्धालुओं में 70% सिर्फ युवा
- मार्क जुकरबर्ग-विराट कोहली भी टेक चुके माथा

**नैनीताल.** उत्तराखंड के नैनीताल में स्थित विश्वविख्यात बाबा नीम करोली महाराज का कैंची धाम एक बार फिर सुर्खियों में है। देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुके इस मंदिर में अब युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

सांख्यिकी विभाग द्वारा पिछले कई महीनों से किए जा रहे रजिस्ट्रेशन और होल्डिंग कैपेसिटी



सर्वे के ताजा आंकड़ों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। सर्वे के अनुसार हर पांच हजार श्रद्धालुओं में करीब 70 फीसदी युवा होते हैं, जिनकी उम्र 15 से 30 साल के बीच है। अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर काठगोदाम रेलवे स्टेशन से करीब 38 किलोमीटर दूर स्थित कैंची धाम में रोजाना आस्था का सैलाब उमड़ता है। बॉलीवुड सितारों से लेकर देश-विदेश की जानी-मानी हस्तियां यहां माथा टेक चुकी हैं।

### नीम करोली बाबा को हनुमान का अवतार माना जाता

बाबा इस दुनिया में तो नहीं है लेकिन उनको एक रहस्यमयी संत कहा जाता है। फेसबुक के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और एपल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स, हॉलीवुड स्टार जूलिया राबर्ट्स, भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी विराट कोहली भी बाबा के भक्तों में शामिल है, जहां मुश्किल दौर में उनकी किस्मत को बाबा ने बदलने का काम किया।

यही कारण है कि आज बाबा नीम करोली महाराज का कैंची धाम मंदिर लाखों श्रद्धालुओं और युवाओं का आस्था का केंद्र बन गया है। बाबा नीम करोली का 1973 में निधन हो गया था। इन नामी हस्तियों ने बाबा नीम करोली का जीवंत दर्शन तो नहीं किए लेकिन मंदिर में आकर मात्र दर्शन से उनके बिगड़े हुए काम बने हैं।

# फ्रॉड केस में शिल्पा शेट्टी पर हाई कोर्ट सख्त

- 60 करोड़ जमा करें
- तभी जा पाएंगी विदेश

**मुंबई.** शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा यदि विदेश जाना चाहते हैं तो उन्हें पहले 60 करोड़ रुपये की रकम जमा करनी होगी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया है। शिल्पा शेट्टी और उनके पति ने अदालत से कहा था कि वे अमेरिका के लॉस एंजिलिस एवं अन्य देश जाना चाहते हैं। इस पर अदालत ने कहा कि उनके जाने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पहले 60 करोड़ रुपये जमा करने होंगे। दरअसल दंपति पर आरोप है कि



उन्होंने एक कारोबारी से 60 करोड़ रुपये लिए और उसे नहीं लौटाया। कारोबारी दीपक कोठारी का आरोप है कि शिल्पा और राज कुंद्रा ने उनसे कारोबार के नाम पर यह रकम ली, लेकिन इसे अपने निजी खर्च में इस्तेमाल किया।

शिल्पा शेट्टी के घर सोमवार को ही आर्थिक अपराध शाखा की टीम पहुंची थी और उनसे 5 घंटे तक इस मामले में पूछताछ हुई थी। अधिकारियों ने इस दौरान कुछ दस्तावेज भी चेक किए थे। शिल्पा शेट्टी की ओर से कहा गया था कि वह जांच एजेंसी को सहयोग करने के लिए तैयार हैं और हर बात के जवाब दिए हैं।

इससे पहले 2021 में राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी के एक केस में अरेस्ट किया गया था। इसके अलावा उनके खिलाफ बिटकॉइन घोटाले के आरोपों में भी जांच चल रही है। खबर है कि अब इस नए मामले में भी राज कुंद्रा से पूछताछ हो सकती है। उनके विदेश जाने पर भी रोक है क्योंकि एजेंसी ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर रखा है। इसी को लेकर शिल्पा शेट्टी जब अदालत पहुंचीं तो उन्हें 60 करोड़ रुपये जमा कराने के बाद ही जाने के लिए कहा गया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है और संभावना है कि अगले कुछ दिनों में उनके पति से भी पूछताछ हो सकती है।

# पाक में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर फिर हमला

- बलूच विद्रोही बोले- जारी रहेंगे अटैक

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर एक बार फिर से हमला हुआ है। इस बार भी बलूच विद्रोहियों ने ट्रेन को निशाने पर लिया है। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा जा रही ट्रेन को सुल्तानकोट इलाके के पास निशाना बनाया गया। यह कस्बा सिंध और बलूचिस्तान की सीमा पर स्थित है। इससे पहले इसी साल मार्च में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ था। यह हमला IED ब्लास्ट के जरिए हुआ। खबरों के मुताबिक यह बम पटरी पर रखा गया था, जिसमें धमाका हुआ तो ट्रेन के 6 डिब्बे ही पटरी से उतर गए। इस बम धमाके में कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच विद्रोही संगठन बलोच रिपब्लिक गार्ड्स ने ली है। बलूच विद्रोहियों का कहना है कि हमने इसलिए ट्रेन को निशाने पर लिया क्योंकि उसमें पाकिस्तानी सेना के जवान सवार थे। एक बयान में बलोच रिपब्लिक गार्ड्स ने लिखा है, 'ट्रेन पर उस वक्त हमला किया गया, जब उस पर पाकिस्तानी सेना के जवान सवार थे।

**संक्षेप...**

### ब्लॉक गिरने से युवती की दर्दनाक मौत

**मुंबई.** मुंबई के पश्चिमी उपनगर में बुधवार सुबह काम पर जा रही 22-वर्षीय एक महिला के सिर पर सीमेंट की सिल्ली गिरने से उसकी मौत हो गई. पूर्वाह्न करीब 9.30 बजे जिस वक्त यह दुर्घटना हुई, संस्कृति अनिल अमीन, जोगेश्वरी (पूर्व) के मजासवाडी क्षेत्र में अपने घर के पास एक पुनर्विकास स्थल से गुजर रही थी. उसके पिता अनिल उमेश अमीन (56) ने पुलिस को बताया कि जब वह पास गए, तो उन्होंने अपनी बेटी को खून से लथपथ देखा.

# नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का मोदी ने किया उद्घाटन

- **कमल जैसे डिजाइन में बने टर्मिनल**
- **रोजाना 300 फ्लाइट उड़ सकेंगी**

**मुंबई.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले फेज का उद्घाटन किया। पहले फेज में एक टर्मिनल और रनवे बनाया गया है।। इसकी क्षमता सालाना 2 करोड़ यात्रियों की है। पहले फेज में करीब 19,647 रुपए करोड़ खर्च हुए हैं। नवी मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल को कमल के डिजाइन में डेवलप किया गया है। दिसंबर से यहां से रेगुलर उड़ानें शुरू हो जाएंगी। ये मुंबई का दूसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। इसका नाम किसान नेता डीबी पाटील के नाम पर रखा गया है।

PM मोदी बुधवार दोपहर 3 बजे 2 दिन के मुंबई दौरे पर पहुंचे। उनका विमान नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ही लैंड हुआ। वहीं, थोड़ी देर में PM मोदी मुंबई मेट्रो लाइन-3 के फेज 2B और मुंबई की पहली पूरी तरह से अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन का उद्घाटन भी करेंगे।



### एयरपोर्ट में अडाणी ग्रुप की 74% हिस्सेदारी

इस एयरपोर्ट को अडाणी ग्रुप और महाराष्ट्र सरकार के लैंड डेवलपमेंट प्राधिकरण (CIDCO) मिलकर बना रही है। इसमें अडाणी ग्रुप की 74% हिस्सेदारी है और CIDCO के पास 26% हिस्सेदारी है। ये जवाहरलाल नेहरू पोर्ट और मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक के पास है, जिससे मुंबई में बढ़ती हवाई यात्रा की जरूरत पूरी करने में मदद मिलेगी।

इसका नाम किसान नेता डीबी पाटील के नाम पर रखा गया है। पाटील एक प्रमुख किसान नेता थे जिन्होंने महाराष्ट्र में किसानों और स्थानीय लोगों के हकों के लिए संघर्ष किया। पाटिल ने ही ही नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के दौरान विस्थापित गांववालों के हक की लड़ाई लड़ी थी।

**एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी हब बनेगा नवी मुंबई**

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नवी मुंबई एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी हब बनेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मुंबई का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार समाप्त हो गया। अब मुंबई को अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्राप्त हो गया है। यह हवाई अड्डा इस क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### एयरपोर्ट शुरू होने में 2 महीने का समय लगेगा

नवी मुंबई एयरपोर्ट खोलने में अभी 2 महीने से ज्यादा लगेंगे। दिसंबर लास्ट तक ही ये शुरू हो पाएगा। इसके पीछे की वजह- उद्घाटन के बाद इसे ORAT टेस्ट से गुजरना होगा। इसमें चेक-इन, बैगेज, सिक्योरिटी और एयर ट्रैफिक सिस्टम की असली हालात में जांच होती है। इसका मोटिव यह है कि पहले दिन से ही उड़ानें सुरक्षित और बिना परेशानी के संचालित हो।

# हृदय रोग से बचाव की खातिर रखें दिल का ख्याल

- **हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल पिंगले का वक्तव्य**

**भिवंडी.** हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. विशाल पिंगले ने स्वास्थ्य के प्रति लोगों को सचेत करते हुए बताया कि,वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ गृहिणियाँ और छात्र भी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं.बदलती जीवनशैली और बदलते खानपान का मानव जीवन पर प्रभाव पड़ने के कारण हृदय रोग के रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है. भारत में हृदय अस्पतालों की संख्या भी बढ़ी है. समय पर अपने स्वास्थ्य की जाँच करवाएँ और अपने हृदय का ध्यान रखें.उक्त अपील प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.विशाल पिंगले ने वाचन मंदिर में आयोजित प्रबोधन माला में की.वे तिलक मंदिर सभागार में हृदय रोग की समझ और गलतफहमी विषय पर वाचन मंदिर अध्यक्ष सुनील सिंगासने द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे. डॉ.पिंगले ने लोगों को समझते हुए विस्तार से बताया कि, हृदय रोग के लक्षणों को जानें और इन्हें नज़रअंदाज़ न करें. सीने और बाएँ कंधे के दर्द के साथ-साथ उच्च रक्तचाप और मधुमेह पर भी समय-समय पर ध्यान देने की आवश्यकता है. नियमित व्यायाम, आहार और पैदल चलने से हृदय रोग से दूर रह सकते हैं. व्याख्यान को सफल बनाए जाने में मनपा अधिकारी मिलिंद पलसुले, किशोर नागरकर, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रणाली खोड़े, शलाका मदान, शीतल तले और शैला परब ने कड़ी मेहनत की.डा पिंगले को सुनने के लिए भारी संख्या में सीनियर सिटीजन, क्षेत्रवासी मौजूद थे.




# पोलियो टीकाकरण अभियान 12 को

### ज़िंदगी की दो बूँदें हर बच्चे का सुरक्षित भविष्य

**ठाणे.** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान रविवार 12 अक्टूबर को ठाणे ज़िले में बड़े उत्साह के साथ चलाया जाएगा। इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ बदलापुर और अंबरनाथ नगरपालिका क्षेत्र भी शामिल हैं, और 5 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को पोलियो की दो बूँदें पिलाकर पोलियो मुक्त समाज के लक्ष्य की ओर अग्रसर होगा।

जिला प्रशासन ने ठाणे जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल और ज़िला परिषद, ठाणे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में इस अभियान के लिए व्यापक योजना बनाई है।



इस अभियान का समन्वय प्रभारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति शिंदे द्वारा किया गया है, और ठाणे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकाय संयुक्त रूप से इस अभियान में भाग ले रहे हैं।

ठाणे के जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, ठाणे ज़िला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे और ठाणे जिला सिविल अस्पताल के ज़िला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने सभी अभिभावकों से अपील की है हर बच्चे को पोलियो वैक्सीन की दो बूँदें पिलाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है। टीकाकरण के ज़रिए ही हम अपने बच्चों और देश का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

**कुल लाभार्थी**

ग्रामीण क्षेत्र (अंबरनाथ, कल्याण, शाहपुर, भिवंडी और मुरबाड – 1,31,110 बच्चे
बदलापुर और अंबरनाथ नगर निगम क्षेत्र – 68,833 बच्चे
कुल–1,99,943 बच्चों को पोलियो का टीका लगाया जाएगा।
कुल टीकाकरण केंद्र 1,875
भाग लेने वाले कर्मचारी 4,792

### ठाणे में शिवसेना (यूबीटी) का विरोध प्रदर्शन

**ठाणे.** मराठवाड़ा, सोलापुर जैसे कई जिलों में पिछले दिनों हुई भारी बारिश की वजह से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी. जिसकी वजह से हजारों हेक्टेयर क्षेत्र में फसल बर्बाद हो गयी, किसान संकट में हैं और अभी तक उन तक मदद नहीं पहुंची है. किसानो को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग को लेकर शिवसेना (उबाठा) ने पार्टी के नेता एवं पूर्व सांसद राजन विचारे , ठाणे शहर जिला प्रमुख केदार दिघे के नेतृत्व में बुधवार को ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया. विरोध प्रदर्शन में कहा गया कि प्रदेश के किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है जबकि सरकार में शामिल मंत्री मजा कर रहे हैं.

# पुराने कुओं का संरक्षित किया जाएगा जल

- **पुराने कुओं के पुनरुद्धार परियोजना का उद्घाटन**
- **परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की संकल्पना साकार**


**ठाणे.** शिवसेना के प्रमुख नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के मुख्यमंत्री रहते हुए ठाणे मनपा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए बड़ी मात्रा में धनराशि उपलब्ध कराई थी।परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा उस निधि से ओवला-मजीवड़ा विधानसभा क्षेत्र में पुराने और अनुपयोगी कुओं के पुनरुद्धार के लिए 50 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान करने का अनुरोध किया, जिसे स्वीकार कर लिया गया।



तदनुसार, ठाणे नगर निगम ने एक सलाहकार नियुक्त कर एक रिपोर्ट तैयार की और उस पर निविदा प्रक्रिया भी लागू की।कुओं के पुनरुद्धार हेतु कुओं से पानी पंप करना, गाद निकालना, अधिकतम जल प्राप्त करने के लिए प्राकृतिक झरनों को खोलने हेतु क्षैतिज बोरिंग करना, कुओं की मरम्मत करना, आसपास के नालों का पानी कुओं में जाने से रोकने के लिए वाटर प्रूफिंग करना, कुओं के आसपास की नालियों और नालियों की मरम्मत और मरम्मत करना ताकि मलजल कुओं के पानी को प्रदूषित न करे, कुओं पर लोहे की ग्रिल और जालियाँ लगाना, कुएँ के मुहाने से 3 से 4 मीटर तक आरसीसी का निर्माण करना, कुओं के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए कुओं के चारों ओर पेवर ब्लॉक लगाना आदि कार्य किए जाते हैं। तदनुसार, लगभग 70 कुओं के पुनरुद्धार का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया, जिनमें से अब तक 36 कुओं का पुनरुद्धार कार्य पूरा हो चुका है और इनका पानी अन्य उपयोगों के साथ-साथ पीने योग्य भी हो गया है।

**पूर्व नगरसेवक ने विधवा को नया घर बनाकर दिया**

# विधवा अपने तीन बच्चों के साथ टूटे घर में रह रही थी



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के पूर्व नगरसेवक धनंजय सुर्वे ने भास्कर नगर की एक गरीब विधवा महिला गीता यादव जो कि अपने तीन बच्चों के साथ टूटे -फूटे जर्जर घर में कई वर्षों से रहती थी. उस महिला के घर को पूरी तरह से नया निर्माण करके एवं रंग लगाकर उसके हवाले किया है, जिसकी प्रशंसा इस परिसर में की जा रही है. उन्होंने बताया कि इस महिला के घर का दरवाजा तक टूटा हुआ था और वह एक खटिया पर अपने तीनों बच्चों को लेकर सोती थी. उसके बच्चों के शिक्षण एवं घर खर्च संभालने में वह दिन रात मेहनत कर रही थी. घर की मरम्मत के लिए पैसा नहीं बचता था. यहां की सामाजिक कार्यकर्ता मनिषा गोडसे ने पूर्व नगरसेवक धनंजय सुर्वे से संपर्क करके सारी हकीकत को बताया. सुर्वे ने अपनी जेब से लाखों रुपए खर्च करके उसके घर का निर्माण किया. 2 अक्टूबर गांधी जयंती, दसरा त्यौहार के दिन गीता को उसका नया घर निर्माण करके उसके हवाले किया गया. गीता ने पूजा का आयोजन कर धनंजय सुर्वे व अन्य अतिथियों, रेशमा सुर्वे, मनिषा गोडसे, गायत्री निषद, अशोक तिवारी को आमंत्रित करके धनंजय सुर्वे का शॉल, पुष्पगुच्छ देकर सत्कार करके उनका आभार व्यक्त किया.

### कस्टम अधिकारियों के नाम पर धोखाधड़ी; 3 व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, मुंबई सीमा शुल्क क्षेत्र में एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के अधिकारियों ने सीएसएमआई हवाई अड्डे मुंबई में एमआईएएल द्वारा नियोजित तीन व्यक्तियों को पकड़ा है, जो खुद को सीमा शुल्क एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) अधिकारी बता रहे थे, सीमा शुल्क एआईयू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा।

निगरानी के आधार पर, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए), मुंबई सीमा शुल्क क्षेत्र में एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) के अधिकारियों ने सीएसएमआई हवाई अड्डे मुंबई में एमआईएएल द्वारा नियोजित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है, जो खुद को सीमा शुल्क एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) अधिकारी बता रहे थे।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उन्होंने आगमन हॉल में सीमा शुल्क जांच के बाद प्रस्थान क्षेत्र में यात्रियों को रोका और यात्रियों के सामान की जांच की और उनसे कीमती सामान और पैसे वसूले, सीमा शुल्क के एक प्रेस नोट में कहा गया है।

**जीएम मोमिन विमेंस कॉलेज स्टडी सेंटर में एमए उर्दू के छात्रों के लिए**

# काउन्सिलिंग क्लास का उद्घाटन

**भिवंडी.** यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी,नासिक द्वारा संचालित जी एम मोमिन विमेंस कॉलेज अध्ययन केंद्र भिवंड के एम ए उर्दू प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के काउंसिलिंग क्लास का उदघाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ . समारोह की अध्यक्षता रईस जूनियर कॉलेज भिवंडी प्राचार्य जियाउर्रहमान अंसारी ने की. उक्त अवसर पर सेंटर के समन्वयक अब्दुल अज़ीज़ अंसारी ,मार्गदर्शक शिक्षक डॉ मती उल्लाह खान,डॉ कुतुबुद्दीन शाहिद खान ज़ाकिर हुसैन खान ज़फ़र आलम जामयी,हाशमी सय्यद एजाज ज़वेरिया काज़ी और सूफिया मोमिन सहित एम ए उर्दू प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र मौजूद रहे.

प्रिंसिपल जियाउर्रहमान अंसारी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि परीक्षा पास कर सिर्फ़ प्रमाणपत्र प्राप्त करना ही छात्रों का उद्देश्य नहीं होना चाहिए,बल्कि अपनी काबिलियत को बढ़ाना और व्यावहारिक जीवन में उपयोग वास्तविक उद्देश्य होना चाहिए.उन्होंने आशा व्यक्त की कि मास्टर डिग्री हासिल करने के बाद छात्र उसे अपने व्यवहार का हिस्सा बनाएंगे और भिवंडी शहर या अन्य शहरों में होने वाली उर्दू की महफिलों में अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे.स्टडी सेंटर के संयोजक अब्दुल अज़ीज़ अंसारी ने एम ए द्वितीय वर्ष के बेहतरीन परीक्षाफल की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मार्गदर्शक शिक्षकों का स्वागत किया.

# दो पुलिस अधिकारियों को 7 साल कैद व जुर्माने की सजा

**मुंबई.** 2009 के घाटकोपर हिरासत में हुई मौत के मामले में सीबीआई अदालत ने सजा का फैसला सुनाया। इस मामले में कोर्ट ने दो पुलिस अधिकारियों को सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई।

हिरासत में हुई मौत के एक मामले में मुंबई की सीबीआई अदालत ने मंगलवार को घाटकोपर पुलिस स्टेशन के तत्कालीन पुलिस उपनिरीक्षक संजय सुदाम खेडेकर और तत्कालीन मुख्य निरीक्षक रघुनाथ विठोबा कोलेकर को दोषी ठहराया। अदालत ने सात साल की कैद और एक-एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। मेहरुनिस्सा कादिर शेख द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका में अदालत के आदेश पर सीबीआई एससीबी, मुंबई ने 27 नवंबर 2009 को अल्ताफ कादिर शेख की मृत्यु से संबंधित मामला दर्ज किया था। यह आरोप लगाया गया था कि मृतक को घाटकोपर पुलिस स्टेशन मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# हिजाब पहनने पर दीपिका हुईं ट्रोल


- **नए एड में पति रणवीर सिंह के साथ आईं नजर**
- **बचाव में उतरे एक्ट्रेस के फैंस**

दीपिका पादुकोण पिछले कुछ समय से लगातार विवादों में हैं। अब एक्ट्रेस का एक नया एड आया है, जिसकी वजह से उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। दीपिका ने पति रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी टूरिज्म के लिए एक नया एड शूट किया है। इस एड में एक्ट्रेस हिजाब में नजर आ रही हैं। वहीं रणवीर शेरवानी लुक में दिख रहे हैं।

दोनों को अबू धाबी टूरिज्म का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस एड के जरिए दोनों वहां के इतिहास और विरासत को दिख रहा हैं। एड को दीपिका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा- 'मेरा सुकून।'

हालांकि, इस एड की वजह से वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। दीपिका को हिजाब में देखकर कुछ यूजर्स नाराज नजर हैं।

एक यूजर ने दीपिका पर तंज कसते हुए लिखा- 'भाई साहब मैडम को याद आ गया कि वो कौन थीं।' एक यूजर ने दीपिका के जेएनयू जाने की बात का जिक्र करते हुए लिखा- 'जब कुछ टेरिस्ट आजादी-आजादी चिल्ला रहे थे, तब आप भी वहां थीं। देश सब कुछ याद रखता है।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'कभी अपने देश के मंदिर के लिए आपने ये सब नहीं किया। अबू धाबी में हिजाब पहन रही हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'रणवीर खान और दीपिका बेगम पैसों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। शुक्र है कि कल्कि के कास्ट से उन्हें हटा दिया गया।'



एक्ट्रेस की ट्रोलिंग पर उनके फैंस खुलकर उनके समर्थन में आ गए हैं। दीपिका के फैंस उनके सपोर्ट में लिख रहे हैं कि एड में दोनों की केमिस्ट्री कमाल की है। दोनों साथ में काफी अच्छे लग रहे हैं। साथ ही वो ट्रोलर्स को ये भी बता रहे कि दोनों पति-पत्नी देश के मंदिरों में भी जाते हैं और हमेशा से भारत की संस्कृति का सम्मान करती रही हैं।

# कार की कांच तोड़ने वाले 2 लोगों पर अपराध दर्ज

- **पूर्व नगरसेविका उसके लड़के पर अपराध दर्ज**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के वांद्रा पाड़ा में मंगलवार रात में दो लोगों ने मिलकर सड़क पर खड़ी एक कार के सबी कांच को डंडे से मारकर तोड़ दिया. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में यहीं के निवासी शुभम नरेंद्र जाधव ने शिवम पात्रे और ओम अजित गायकवाड़ के खिलाफ पुलिस में अपराध दर्ज कराया है तो दूसरी शिकायत साक्षी सुजित गायकवाड़ ने पूर्व नगरसेविका दीपा अजित गायकवाड़ और अमृता अजित गायकवाड़ के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है. शुभम नरेंद्र जाधव के अनुसार उनके ससुर सुजित गायकवाड़ के चालक की वाहन का धक्का विरोधक के मित्र की बाइक को लगने से बाइक गिर गई और नुकसान हो गया. बाइक नुकसान भरपाई सुजित द्वारा नहीं देने पर इस बात को लेकर आरोपी शिवम पात्रे और ओम अजित गायकवाड़ ने हनुमान मंदिर के आगे वांद्रा पाड़ा में खड़ी उनकी मारुति सुजुकी वैगनार कार नं. एमएच 05 ईजे 7330 के सभी कांच डंडे से मारकर तोड़कर नुकसान किया. सुजित गायकवाड़ की लड़की साक्षी सुजित गायकवाड़ (23) वांद्रा पाड़ा जब ओम की माता पूर्व नगरसेविका दीपा अजित गायकवाड़ से ये पूछने गई कि लड़के ने कार की कांच क्यों तोड़ी, तो उस पर विवाद हो गया. दीपा गायकवाड़ और अमृता ने उसे गाली गलौज कर मारा पाटी और अमृता के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है.








# 22 देश के प्रतिनिधियों ने ठाणे मनपा का दौरा किया



- **मनपा की कार्यप्रणाली के बारे में जाना**

**ठाणे।** स्थानीय स्वशासन निकायों की कार्यप्रणाली के बारे में जानने के लिए मुंबई-ठाणे के दौरे पर आए 22 देशों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को ठाणे मनपा मुख्यालय का दौरा किया।

इसके बाद उन्होंने मीनाताई ठाकरे नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहाँ की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत, समाज सेवा क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों के लिए सामाजिक विकास प्रशासन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम सामाजिक क्षेत्र में सेवाओं और उसके नीति निर्माण पर मार्गदर्शन प्रदान करता है। 23 सितंबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस पाठ्यक्रम के लिए 22 देशों के 28 प्रतिनिधियों ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TIS) में नामांकन कराया है।यह प्रतिनिधि अपने देशों में सरकारी या अर्ध-सरकारी प्रतिष्ठानों से जुड़े हैं।इन प्रतिनिधियों ने बुधवार को ठाणे मनपा मुख्यालय में मनपा की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे और उपायुक्त (सूचना एवं जनसंपर्क) उमेश बिरारी ने स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल हॉल में इन प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्हें ठाणे शहर की संरचना, पृष्ठभूमि, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के साथ-साथ मनपा के कार्य की प्रकृति के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी उपस्थित थे।मुख्यालय में मराठी पुस्तकों की चल रही प्रदर्शनी और बिक्री के अवसर पर इन प्रतिनिधियों को शास्त्रीय मराठी भाषा से भी परिचित कराया गया। इसके बाद, इन प्रतिनिधियों ने भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर हॉल का निरीक्षण किया, जहाँ ठाणे मनपा की आम सभा आयोजित की जा रही है। उन्होंने खोपट स्थित मीनाताई ठाकरे नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान और कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल का भी दौरा किया।

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099